News Letter

# बैसवारा चिन्तन

## बैसवारा पी०जी० कालेज, लालगंज, रायबरेली




संपादक, डॉ . रमेश चंद्र यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र

**बैसवारा चिन्तन** **०२ मई, २०२३**

## प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव जी बनी बैसवारा पी .जी . कॉलेज की प्राचार्य



प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव जी ने बैसवारा पी .जी .कॉलेज लालगंज रायबरेली में आज प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला









प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव जी
प्राचार्या, बैसवारा पी .जी .कॉलेज लालगंज रायबरेली का
स्वागत करते हुए महाविद्यालय के मा० प्रबन्धक,
समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण।



















































फिरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली की रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव जी ने बैसवारा पी .जी .कॉलेज ,लालगंज रायबरेली में आज प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला, बैसवारा पी .जी. कॉलेज में पिछले लगभग एक  साल से कार्यवाहक प्राचार्य के सहारे महाविद्यालय की गतिविधियां संचालित हो रही थी। प्रोफेसर श्रीवास्तव की नियुक्त होने के पश्चात, अब प्राचार्य पद की समस्या का  स्थाई समाधान हो जाने से पठन-पाठन एवं अकादमिक गतिविधियों को एक नई ऊर्जा के साथ संचालित होने से महाविद्यालय अकादमिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को निश्चित रूप से प्राप्त करेगा। प्रोफेसर श्रीवास्तव रसायन विज्ञान की विद्वान शिक्षिका हैं। ११२ से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में लेख छप चुके हैं । छा।ब आयोजित कराने से लेकर , शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का ३० वर्षों से अधिक का अनुभव है। प्रोफेसर श्रीवास्तव के पदभार ग्रहण से समस्त शिक्षकों में अपार खुशी का माहौल है।  समस्त शिक्षकों ने प्रोफेसर श्रीवास्तव को प्राचार्य बनने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैसवारा पीजी कॉलेज के माननीय प्रबंधक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह जी ने प्रोफेसर श्रीवास्तव को प्राचार्य पदभार ग्रहण करने की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं । तथा प्रसन्नता व्यक्त की है ,महाविद्यालय प्रोफेसर श्रीवास्तव के कार्यकाल में अपनी  अकादमिक ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के संरक्षक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह जी , पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह जी, प्रोफेसर अरुण कुमार श्रीवास्तव जी एवं  डॉ० निरंजन राय, डॉ० पुष्पा बरनवाल, डॉ० शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ० वी .के. भारद्वाज, डॉ० सूर्य कुमार मिश्रा, डॉ० अजय कुमार सिन्हा, डॉ० सत्येंद्र सिंह, डॉ० संजीत सिंह चौहान, डॉ० नवीन कुमार विश्वकर्मा, डॉ० संजीव मिश्रा, डॉ० रमेश चंद्र यादव , डॉ० प्रवीण सिंह, डॉ० दीक्षा मिश्रा, डॉ० वीरेंद्र कुमार यादव, डॉ० नवीन कुमार सिंह, डॉ० प्रिया दुबे, डॉ० सूर्य कुमार वर्मा , डॉ० दिनकर त्रिपाठी जी, डॉ० सुभाष महर्षि, डॉ० इकबाल याकूब अंसारी, डॉ० शेफाली श्रीवास्तव, डॉ० पुनीत गुप्ता, डॉ० गरुण सेठ, डॉ० वीरेंद्र कुमार, डॉ० शशांक श्रीवास्तव, डॉ० श्वेता जायसवाल, डॉ० राखी सिंह, डॉ० अनुभव, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक  श्रीमती अंजू सिंह, शिवचंद, हरिश्चंद्र, फतेह बहादुर सिंह, विजय बहादुर सिंह, आदि ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे सश्री शिवचंद, श्री हरिश्चंद्र, श्री विजय बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव बनी बैसवारा डिग्री कॉलेज की प्राचार्य, कार्यभार संभाला



## रमेश चंद्र यादव ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किए दो शोध पत्र

लालगंज। कस्बे के बैसवारा डिग्री कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० रमेश चंद्र यादव ने लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग एवं इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से २८ अप्रैल से ३० अप्रैल २०२३ के मध्य आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दो शोध समितियों में दो विभिन्न विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए स शोध समिति-२ के अंतर्गत रिसेंट चेंजेज इन द फैमिली सिस्टम इन इंडिया एंड इंपैक्ट ऑफ़ कोविड-१९ आन फैमिली ए सोशियोलॉजिकल स्टडी और शोध समिति.२१ के अंतर्गत इंपॉर्टेंस ऑफ द इंडियन कांस्टीट्यूशन गाइडिंग प्रिंसिपल्स फ ॉर गवर्नमेंट पॉलिसी विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। नवागत प्राचार्य प्रो० शीला श्रीवास्तव, समाजशास्त्र विषय के विभागाध्यक्ष डॉ० शैलेंद्र कुमार सिंह ने बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में इस तरह के अकादमिक कार्यों से महाविद्यालय परिवार में नई ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि समाजशास्त्र विषय को समृद्ध करने में सक्रिय योगदान होता है। कालेज के प्रबंधक देवेन्द्र बहादुर सिंह और शिक्षक साथियों ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी।

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य पद का कार्यभार प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने संभाल लिया। बताते बैसवारा डिग्री कॉलेज में पिछले लगभग एक साल से कार्यवाहक प्राचार्य के सहारे कालेज की गतिविधियां संचालित हो रहीं थी। प्रोफेसर श्रीवास्तव की नियुक्त होने के बाद अब प्राचार्य पद की समस्या का स्थाई समाधान हो जाने से पठन-पाठन एवं अकादमिक गतिविधियों को एक नई ऊर्जा के साथ संचालित होने से महाविद्यालय अकादमिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को निश्चित रूप से प्राप्त करेगा। बताते चलें कि प्रोफ़े सर श्रीवास्तव फि रोज गांधी कॉलेज रायबरेली की रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष व शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। प्रोफ़ेसर श्रीवास्तव के ११२ से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में लेख छप चुके हैं । नैक आयोजित कराने से लेकर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का ३० वर्षों से अधिक का अनुभव है। प्रोफेसर श्रीवास्तव के पदभार ग्रहण से समस्त शिक्षकों में अपार खुशी का माहौल है। समस्त शिक्षकों ने प्रोफेसर श्रीवास्तव को प्राचार्य बनने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

प्रबंधक देवेंद्र बहादुर सिंह ने प्रोफेसर श्रीवास्तव को प्राचार्य पदभार ग्रहण करने की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए खुशी जतायी। और कहा कि कालेज प्रोफेसर श्रीवास्तव के कार्यकाल में अपनी अकादमिक ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस मौके पर प्रबंधक देवेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, प्रो० अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ० निरंजन राय, डॉ० पुष्पा बरनवाल, डा० शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ० वीके भारद्वाज, डॉ० रमेश चंद्र यादव, डॉ० दीक्षा मिश्रा, डॉ० प्रिया दुबे, डॉ० सूर्य कुमार वर्मा, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक अंजू सिंह, शिवचंद, हरिश्चंद्र, फतेह बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव बनी बैसवारा पीजी कॉलेज की प्राचार्य

राष्ट्रीय स्वरूप उमेश श्रीवास्तव

लालगंज रायबरेली। फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली की रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बैसवारा पीजी कॉलेज में प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला। कॉलेज में पिछले लगभग एक साल से कार्यवाहक प्राचार्य के सहारे महाविद्यालय की गतिविधियां संचालित हो रही थी। प्रोफेसर श्रीवास्तव की नियुक्त होने के पश्चात, अब प्राचार्य पद की समस्या का स्थाई समाधान हो जाने से पठन-पाठन एवं अकादमिक गतिविधियों को एक नई ऊर्जा के साथ संचालित होने से महाविद्यालय अकादमिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में सहूलियत रहेगी। प्रोफेसर श्रीवास्तव रसायन विज्ञान की विद्वान शिक्षिका हैं। 112 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में उनके लेख छप चुके हैं। शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में उनका 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। बैसवारा पीजी कॉलेज के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने प्रोफेसर श्रीवास्तव को प्राचार्य पदभार ग्रहण करने की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा प्रसन्नता व्यक्त की है कि महाविद्यालय प्रोफेसर श्रीवास्तव के कार्यकाल में अपनी अकादमिक ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं डॉक्टर निरंजन राय, डॉ पुष्पा बरनवाल, डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ वीके भारद्वाज, डॉ सूर्य कुमार मिश्रा, डॉ अजय कुमार सिन्हा, डॉ सत्येंद्र सिंह, डॉ संजीत सिंह चौहान, डॉ नवीन कुमार विश्वकर्मा, डॉ संजीव मिश्रा, डॉ रमेश चंद्र यादव, डॉ प्रवीण सिंह, डॉ दीक्षा मिश्रा, डॉ वीरेंद्र कुमार यादव, डॉ नवीन कुमार सिंह, डॉ प्रिया दुबे, डॉ सूर्य कुमार वर्मा, डॉ दिनकर त्रिपाठी, डॉ सुभाष महर्षि, डॉ इकबाल याकूब अंसारी, डॉ शेफाली श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहे।